हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 21 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 गायत्री मंत्रों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने यज्ञ में दी...



07 देवपुर में कांग्रेस ने किया राहुल गांधी के 'छात्रों की...



खबर संक्षेप

खामखेड़ा-बिलोरी में चोरों का धावा, दो घरों से मोबाइल और बर्तन चोरी

खामखेड़ा। गुरुवार रात करीब 2 बजे विदिशा-बैरसिया रोड स्थित लाहोटी वेयरहाउस के पास पर्वत सिंह राजपूत के घर में चोरों ने धावा बोलकर करीब 25 हजार रुपए कीमत के दो मोबाइल चोरी कर लिए। बताया गया कि दो संदिग्ध मोटरसाइकिल से आए थे। इसी रात ग्राम बिलोरी में भी कमल सिंह के घर से करीब 25 हजार कीमत का मोबाइल चोरी होने की बात सामने आई है। वहीं एक अन्य घर से बर्तन चोरी किए जाने की सूचना है। पीड़ितों का कहना है कि वारदात के दौरान 112 पर सूचना देने के बावजूद पुलिस मौके पर नहीं पहुंची और चोर भाग निकले।

चंद घंटों में नाबालिग को खोजा, आरोपी गिरफ्तार

विदिशा। कुरवाई थाना पुलिस ने घर से लापता हुई 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को चंद घंटों में सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। 17 सितंबर को परिजन ने पुलिस को बालिका के बिना बताए घर से जाने की सूचना दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर विशेष टीम गठित की। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की मदद से उसी दिन बालिका को तलाश लिया गया। उसके कथनों व साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में धाराएं जोड़ी गईं। आरोपी घनश्याम आदिवासी (20) निवासी बिलौदा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

लायंस क्लब संघमित्रा का कार्यक्रम 24 सितंबर को

विदिशा। लायंस क्लब संघमित्रा का इंस्टॉलेशन कार्यक्रम 24 सितंबर गुरुवार को दोपहर 1 बजे स्टेशन के पास अर्श पैलेस में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं शपथ विधि अधिकारी अतुल शाह रहेंगे, जबकि विशेष अतिथि डॉ. आरती शर्मा उपस्थित रहेंगी। इस अवसर पर क्लब की नई कार्यकारिणी का विधिवत इंस्टॉलेशन एवं शपथ ग्रहण कराया जाएगा। क्लब अध्यक्ष राजेंद्र कटारे एवं सचिव ज्योति जैन ने बताया कि कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों एवं क्लब सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने सभी आमंत्रित अतिथियों से निर्धारित समय पर कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

स्कूटी योजना से नैंसी के सपनों को मिली उड़ान

विदिशा। ग्राम नरखेड़ा खड़ैया की छात्रा नैंसी रघुवंशी ने कक्षा 12वीं कला संकाय में प्रथम स्थान हासिल कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोहद की छात्रा नैंसी की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत स्कूटी खरीदने के लिए 1 लाख 20 हजार रुपए की राशि उसके बैंक खाते में प्रदान की गई। योजना का लाभ मिलने से नैंसी को आगे की पढ़ाई के लिए आवागमन में सुविधा मिलेगी। नैंसी ने शासन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह प्रोत्साहन उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

वात्सल्य गणपति महोत्सव में छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों ने जीता दिल

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

वात्सल्य गणपति महोत्सव में रविवार को स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक, धार्मिक और देशभक्ति से जुड़ी मनमोहक प्रस्तुतियां देकर अभिभावकों और अतिथियों का दिल जीत लिया।

स्कूल बैंड के साथ अतिथियों ने भगवान गणपति के मंच तक पहुंचकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने रॉक बैंड, सरस्वती वंदना, ड्रीमर्स, योगा, क्यूट बप्पा, नेशनल सिंबल, बिहू नृत्य, सोशल मीडिया, गरबा, चंदा जैसा तू, राधा गोरी-गोरी और सितारे जमीन पर जैसी प्रस्तुतियां दीं। नन्हे बच्चों की मासूमियत और मस्ती भरे प्रदर्शन ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। अतिथियों ने तालियों से बच्चों का उत्साह बढ़ाया और विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रमुख देवना अरोरा और नम्रता अरोरा ने अतिथियों व पालकों का आभार जताया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, एसपी रोहित काशवानी, एएसपी मोनिका तिवारी, संयुक्त कलेक्टर दीपाश्री गुप्ता आदि मौजूद रहे।



विदिशा। वात्सल्य महोत्सव के दौरान छात्राओं ने एक से बढ़कर एक धार्मिक प्रस्तुतियां दीं।



विदिशा। गणपति महोत्सव में पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी का किया स्वागत।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने समितियां और दल गठित कर कराई थी जांच

जांच में निकली 390 राशन दुकानों से 16 करोड़ की वसूली, 10 माह बाद भी अधूरी

जिलेभर की 390 राशन दुकानों से 16 करोड़ 4 लाख रुपए की वसूली अब तक अधूरी है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जांच के बाद वसूली के आदेश दिए थे। 10 माह का समय बीत जाने के बाद भी वसूली पूरी नहीं हो पाई है। नियमित दुकान संचालित करने वाले राशन दुकान संचालकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वसूली शुरू ही नहीं हो पाई है। कलेक्टर के आदेश का जिला आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा पालन नहीं किया गया है।

कई पुराने मामलों में भी अब तक नहीं हुई वसूली।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कोरोना काल में राशन वितरण में हुई गड़बड़ी को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने पकड़ा था। समितियां और टीमें बनाकर जब जांच कराई गई तो 390 उचित मूल्य दुकानों से 16 करोड़ चार लाख के राशन का घोटाला उजागर हुआ। कलेक्टर ने वसूली के आदेश भी दिए, लेकिन जिला आपूर्ति विभाग 10 माह बीत जाने के बाद भी वसूली पूरी नहीं कर सका। मामला कोरोना काल तक ही सीमित नहीं है। इससे पहले के भी कई मामलों में अब तक वसूली नहीं की गई है। कुरवाई तहसील की करैया पंचायत की राशन दुकान पर हुए 42 क्विंटल शक्कर, 80 क्विंटल चावल और 32 क्विंटल शक्कर गायब करने वाले सैल्समेन से दो साल बीतने के बाद भी वसूली नहीं की गई। 12 मार्च 2024 को निरीक्षण के दौरान यह सामग्री गायब मिली थी। जिले में ऐसे अनेक मामले हैं। जहां राशन दुकान संचालक गरीबों का राशन डकार गए, लेकिन विभाग ने वसूली नहीं की। जिन राशन दुकानों से वसूली की जानी है उनमें नटेरन अनुविभाग क्षेत्र की 86 दुकानें सम्मिलित हैं। इन दुकानों से चार करोड़ 52 लाख रुपए की राशि



बार-बार गड़बड़ी करने पर हो सकती है एफआईआर।

वसूली की जानी है जबकि ग्यारसपुर में 11 दुकानों में 28 लाख रुपए की वसूली की जानी है। वहीं सिरोंज में 81 दुकानों से 5 करोड़ 28 लाख रुपए, गंजबासौदा में 63 दुकानों से एक करोड़ 67 लाख रुपए, कुरवाई में 26 दुकानों से 43 लाख, विदिशा नगर की 18 दुकानों से एक करोड़ 71 लाख, विदिशा ग्रामीण क्षेत्र की 44 दुकानों से 64 लाख तथा लटेरी अनुविभाग क्षेत्र की 61 शासकीय उचित मूल्य दुकानों से एक करोड़ 51 लाख रुपए की राशि वसूली के आदेश जारी किए गए थे। जबकि दोषी पाए जाने दुकान का लाइसेंस तुरंत निलंबित या रद्द कर दिया जाता है। गंभीर मामलों या लगातार गड़बड़ी मिलने पर सेल्समैन के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कर उसे जेल भेजा जा सकता है।

मेरा तबादला हुआ

मेरा तबादला हो चुका है। वसूली पूरी हुई या नहीं इसके संबंध में जानकारी नहीं दे पाऊंगा। मेरे समय में 390 राशन दुकानों से 16 करोड़ से अधिक की वसूली के आदेश कलेक्टर द्वारा दिए गए थे। - **अनिल तंतुवाय,** तात्कालीन जिला आपूर्ति अधिकारी

मैं तो प्रभार में हूं

390 राशन दुकानों से 16 करोड़ से अधिक की वसूली के संबंध में मुझे जानकारी नहीं है। मैं अभी मुख्यालय पर पदस्थ हुआ हूं। जिला आपूर्ति विभाग का प्रभार मुझे दिया गया है। इस संबंध में जानकारी लेने के बाद ही कुछ बता पाऊंगा। - **मनीष जैन,** एसडीएम एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी

बरखेड़ा गंभीर में 10 कक्षाओं के 60 छात्र और कमरा 'एक'

शौचालय के ऊपर छत नहीं, इसी का उपयोग कर रहीं छात्राएं



ग्यारसपुर। एक ही क्लास रूप में बैठकर पढ़ाई कर रहे सभी कक्षा के छात्र।

कंप्यूटर और लैब के कक्षों में लटक रहे ताले। कंप्यूटर छूने तक नहीं दिया जाता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

संकुल केंद्र नौलास के बरखेड़ा गंभीर हाई स्कूल में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कक्षा 1 से 10 तक के करीब 60 बच्चों को 3 महीने से स्कूल की जगह पंचायत भवन के एक छोटे से कमरे में ठूंसकर पढ़ाया जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार जुलाई में नया सत्र शुरू हुआ था, तब स्कूल भवन की छत की सेटिंग का काम शुरू कराया गया। काम आज तक अधूरा है। नतीजा, 10 क्लास के बच्चे एक साथ बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं। सभी शिक्षक अलग-अलग जगह एक ही हाल में कक्षाओं को एक साथ संभाल रहे है, जिससे पढ़ाई सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह गई है। दूसरी तरफ शासन ने डिजिटल शिक्षा के लिए लैपटॉप, कंप्यूटर और लैब की व्यवस्था दी है, लेकिन कंप्यूटर कक्ष में ताला लगा है। सिस्टम धूल खा रहे हैं, बच्चों को कंप्यूटर छूने तक नहीं दिया जा रहा। सबसे शर्मनाक स्थिति छात्राओं की है। स्कूल में शौचालय होने के बाद भी ऊपर छत नहीं उपयोग लायक नहीं है। छात्राओं को खुले में दीवार की आड़ में शौच जाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

इस मामले में स्कूल प्रभारी जय श्री सवाई का कहना है कि भवन में काम चलने के कारण पंचायत भवन में कक्षाएं लगाई जा रही हैं। सवाल यह है कि जब 3 महीने में छत की सेटिंग पूरी नहीं हुई तो बच्चों का भविष्य कैसे संवरेगा।

सापन नदी में कूदे व्यक्ति की तलाश, सात घंटे बाद भी नहीं मिला सुराग, गोताखोरों का रेस्क्यू अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

रविवार को बस स्टैंड क्षेत्र के पास सापन नदी के पुल से एक व्यक्ति के नदी में कूदने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची।

गोताखोरों को नदी में उतारने के साथ एसडीआरएफ टीम ने भी पहुंचकर नाव और अन्य संसाधनों की मदद से तलाश शुरू की। नदी में गहराई और तेज बहाव के कारण रेस्क्यू टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। एसडीएम अजय पाठक, तहसीलदार संजय चौरसिया और थाना प्रभारी आशुतोष सिंह राजपूत मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान की निगरानी करते रहे। दोपहर करीब 2 बजे से शाम 7 बजे तक लगातार तलाश के बावजूद व्यक्ति का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस के अनुसार अभी यह भी स्पष्ट नहीं है कि नदी में कूदने वाला व्यक्ति महिला है या पुरुष और वह कहां का रहने वाला है। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा रही, जिसे पुलिस ने नियंत्रित किया। तलाश अभियान जारी है।



शमशाबाद। नदी में खोज करती हुई टीम।

कई इलाकों में 4 घंटे रही बिजली कटौती

विदिशा। रविवार को पावर हाउस सब स्टेशन पर रखरखाव और मुखर्जीनगर फीडर पर ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग का काम किया गया। इसके चलते 3 फीडरों की बिजली सप्लाई प्रभावित हुई। पावर हाउस सब स्टेशन के कोर्ट और एसएटीआई फीडर सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक बंद रहे। इससे रामद्वारा, पुराना कलेक्ट्रेट, न्यायालय परिसर, जेल रोड, हरिपुरा, खिरिया, साकेत नगर, गांधी नगर, रॉयल सिटी सहित आसपास के इलाकों में बिजली गुल रही। मुखर्जीनगर फीडर दोपहर 12 से 2 बजे तक बंद रहा। इससे रंगई मंदिर सहित आसपास के इलाकों में बिजली गुल रही।

1 हजार से कम कर्मचारी वाले संस्थान में 7 और इससे अधिक कर्मचारी होने पर 10 तारीख से पहले करना होगा भुगतान

श्रम विभाग ने समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले के शासकीय कार्यालयों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों और श्रमिकों को समय पर वेतन भुगतान करने के लिए श्रम विभाग ने निर्देश जारी किए हैं।

निर्देशों के अनुसार जिन प्रतिष्ठानों में 1 हजार से कम कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां संबंधित माह के वेतन का भुगतान अगले माह की 7 तारीख से पहले करना होगा। वहीं, 1 हजार या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में वेतन का भुगतान अगले माह की 10 तारीख से पहले किया जाना आवश्यक है। विभाग ने वेतन भुगतान से जुड़े निर्धारित प्रावधानों का अनिवार्य रूप से पालन करने को कहा है।

कर्मचारियों को समय पर वेतन मिलना जरुरी

जिला श्रम पदाधिकारी अंकिता राय ने बताया कि कर्मचारियों एवं श्रमिकों के आर्थिक हितों और कल्याण के लिए समय पर वेतन मिलना जरूरी है। इसलिए सभी नियोक्ताओं और प्रतिष्ठान प्रबंधनों को निर्धारित समय-सीमा में भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वेतन भुगतान में अनावश्यक विलंब अथवा निर्धारित प्रावधानों का पालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने सभी संस्थानों से कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

चित्रों में विकास का सपना, भाषण में सुनाई दी देश के भविष्य की झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

विकसित भारत संकल्प के तहत स्कूलों में भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ज्ञान ज्योति एकेडमी हाई स्कूल में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों और कल्पनाओं के माध्यम से विकसित भारत की तस्वीर को कागज पर उकेरा। भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने 'हमारा विकसित भारत' विषय पर उद्बोधन दिए। भाषण प्रतियोगिता में हर्षिता पुरोहित ने प्रथम, माल्या खान ने द्वितीय तथा काव्या चौकसे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में जागृति सेन प्रथम, भूमि सेन द्वितीय तथा सारा सक्सेना तृतीय रहीं। समाजसेवी दीपक यादव द्वारा दोनों प्रतियोगिताओं के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर भाजपा नेता मनोज साहू, समाजसेवी डॉ. सतीश दुबे, नीतेश जौनपुरी, पत्रकार ईश्वरी भार्गव, देवेश आर्य, रितेश श्रीवास्तव, काजल रैकवार, हुमा खान, रमेश धाकड़ एवं जितेंद्र विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।



भाषण प्रतियोगिताओं में शामिल छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

लिटिल ओलंपियंस में गूंजा 'गणपति बप्पा मोरया' का जयघोष

गणेश महाआरती में बच्चों ने दी प्रस्तुतियां, वंदना करने अभिभावक आरती थाल लेकर हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शंकर नगर स्थित लिटिल ओलंपियंस स्कूल में गणेश उत्सव के तहत भव्य गणेश महाआरती का आयोजन भक्तिमय माहौल में किया गया। भगवान गणेश की आराधना के साथ विद्यालय परिसर 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष से गूंज उठा। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश शर्मा और विशिष्ट अतिथि नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर ने पूजा-अर्चना व महाआरती में सहभागिता की।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गणपति वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद बच्चों ने पारंपरिक महाराष्ट्रीयन वेशभूषा में नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से भर गया।


महाआरती में बड़ी संख्या में अभिभावक आरती की थाल सजाकर विद्यालय पहुंचे। घंटियों, जयघोष और भक्ति संगीत के बीच विद्यार्थी, अभिभावक और विद्यालय परिवार श्रद्धा में डूबे नजर आए। अतिथियों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ बच्चों को भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और संस्कारों से जोड़ना उनके व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा अतुल शाह, सुनील जैन, अरविंद द्विवेदी, विजय चतुर्वेदी, आरके शर्मा, डॉ. राजेश बंसल, गोविंद देवलिया, कमलेश दुबे और चंद्र प्रकाश सक्सेना आदि मौजूद रहे। संस्थापक यशपाल सिंह रघुवंशी, संचालक मोहित रघुवंशी, अकादमिक निदेशक प्राची रघुवंशी, प्राचार्य प्रियंका खंगारोत सिंह और हेडमिस्ट्रेस अमिता असाटी सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। महाआरती के बाद सभी ने विद्यार्थियों और नगरवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।



विदिशा। आरती में शामिल हुए जनप्रतिनिधि।

खबर संक्षेप

लंबे समय से बंद पड़ी है स्ट्रीट लाइट



गंज बासौदा। नगर के पचमा बायपास मार्ग पर हैंडपंप के सामने लगी स्ट्रीट लाइट लंबे समय से बंद पड़ी है। रात के समय इस मार्ग पर पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्ट्रीट लाइट बंद होने से अंधेरे के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। यहां के रहवासियों, दुकानदारों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट की शीघ्र मरम्मत कराकर उसे चालू कराया जाए, ताकि रात के समय मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हो सके।

अनुष्का ने कॉलेज में बनाए मिट्टी के गणेश



गंजबासौदा। नगर के वरिष्ठ व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता अरूण अग्रवाल की पुत्री अनुष्का अग्रवाल भोपाल के ओरिएंटल कॉलेज में अध्ययनरत हैं। पिछले दिनों कॉलेज में आयोजित मिट्टी के गणेश बनाओ प्रतियोगिता में सहभागिता की और अपने हाथ से मिट्टी की आकर्षक गणेश प्रतिमा बनाई। अनुष्का की प्रतिमा को कॉलेज प्रबंधन से काफी सराहना मिली वहीं परिजनों ने भी उसके प्रयास को सराहा है।

आपसी सहमति से सुलझा पुराना विवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के आदेश एवं एसडीएम अनुभा जैन के निर्देश में 17 साल बाद आवेदिका को पुनः भूमि पर कब्जा राजस्व अमले द्वारा दिलाया गया। तहसील अंतर्गत भूमि खसरा नंबर 465 रकबा 0.575 हे. भूमि आवेदिका शांति बाई धानक बेवा के नाम दर्ज थी। जिस पर माखन लोधी द्वारा 2008 से खेती का कार्य किया जा रहा था। माखन लोधी ने 2008 में 1 लाख रूपये के बदले में आवेदिका के पति स्व. अमरा से सिकमी हेतु 50 रुपए के स्टाम्प पर 20 साल का अनुबंध कराया था। तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव ने आवेदिका और कब्जा धारी माखन लोधी को तहसील कार्यालय बुलाकर समस्त दस्तावेजों का अवलोकन एवं उभय पक्ष की सुनवाई की। अनुबंध त्रुटि पूर्ण एवं विधिसंगत नहीं होने की समझाइश देने पर कब्जा धारी माखन लोधी स्वयं भूमि से कब्जा छोड़ने हेतु सहमत हुए। इसके बाद शनिवार को राजस्व निरीक्षक सौरभ प्रजापति एवं पटवारी प्रदीप साहू द्वारा मौके पर शांति बाई को भूमि का कब्जा दिलाया गया।

अखंड ज्योति के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जवाहर रोड पर पंच कुंडीय यज्ञ आयोजित

गायत्री मंत्रों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने यज्ञ में दी लोक मंगल की आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





गायत्री परिवार द्वारा अखंड ज्योति के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे देश में आयोजित हो रहे महायज्ञ की श्रृंखला में जवाहर रोड पर आयोजित पंच कुंडीय यज्ञ में गायत्री मंत्रों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने यज्ञकुंड में लोकमंगल, विश्व कल्याण और परिवार की सुख-शांति की कामना के साथ आहुतियां अर्पित कीं।

इस अवसर पर ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज की जन्म जयंती भी श्रद्धापूर्वक मनाई गई। ज्ञात हो कि गायत्री परिवार द्वारा वर्ष 2026 को माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी और अखंड ज्योति के शताब्दी वर्ष के रूप में विशेष रूप से मनाया जा रहा है। देश भर में इस अवसर पर आध्यात्मिक साधना के साथ विभिन्न रचनात्मक एवं सामाजिक अभियानों को गति दी जा रही है। घर-घर गायत्री यज्ञ, सामूहिक साधना, ज्योति कलश यात्राएं, परिवार प्रबोधन, संस्कार निर्माण, व्यसन मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से गायत्री परिवार इस अभियान को जन-जन तक पहुंचा रहा है। जवाहर रोड स्थित संदीप तिवारी के निवास पर आयोजित गायत्री महायज्ञ में गायत्री परिवार से जुड़े साधकों ने लोक मंगल की कामना से आहुतियां छोडी। तिवारी ने बताया कि गायत्री परिवार घर-घर यज्ञ, परिवार-परिवार संस्कार का संदेश दे रहा है। जन्मशताब्दी वर्ष में गायत्री परिवार का विशेष जोर इस बात पर है कि आध्यात्मिक चेतना केवल बड़े धार्मिक आयोजनों तक सीमित न रहे, बल्कि प्रत्येक परिवार के जीवन का हिस्सा बने।

इसी उद्देश्य से घर-घर यज्ञ और साधना के माध्यम से परिवारों को भारतीय संस्कृति, संस्कार और जीवन मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञीय आहुतियों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने परिवार में संस्कार, समाज में सद्भाव और जीवन में सेवा भावना को बढ़ाने का संकल्प लिया। गायत्री परिवार के अभियानों में आध्यात्मिक साधना के साथ सामाजिक सरोकारों को भी प्रमुखता दी जा रही है। व्यसनमुक्त समाज, पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, बाल संस्कार, महिला जागरण और परिवार प्रबोधन जैसे विषयों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश दिया जा रहा है। आयोजन में माता भगवती देवी शर्मा के तप, त्याग और सेवा के आदर्शों को स्मरण करते हुए उनके विचारों को जीवन में उतारने का आह्वान किया गया। ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज के आध्यात्मिक योगदान को नमन किया गया। महायज्ञ का समापन सामूहिक प्रार्थना और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम में मूडरीधाम के महंत परशुराम दास महाराज भी विशेष रूप से सम्मिलित हुए।

जन्मदिन से स्वास्थ्य लाभ तक, भावनाओं को वृक्षों से जोड़ रहा श्रमदान दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



जन्मदिन की खुशी हो या किसी के बेहतर स्वास्थ्य की कामना जब भावनाओं को प्रकृति से जोड़ दिया जाए, तो एक दिन का अवसर वर्षों तक यादगार बन सकता है। इसी विचार के साथ श्रमदान दल द्वारा संचालित साप्ताहिक पौधारोपण अभियान 5.0 के जन-जन विशेष पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत दो चरणों में दो अलग-अलग स्थानों पर पौधारोपण किया गया। प्रथम चरण में मदन सिंह दांगी की सुपौत्री एवं गजेंद्र दांगी की पुत्री गार्गी दांगी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में ग्रीन वैली कॉलोनी में बादाम का पौधा रोपित किया गया। पौधे का रोपण पेशे से शिक्षक राजेश दांगी के निवास के सामने किया गया। पौधे के संरक्षण की जिम्मेदारी राजेश दांगी के परिजनों ने ली, जबकि पौधे के लिए सहयोग राशि गजेंद्र दांगी द्वारा वहन की गई। दूसरे चरण में श्रमदान दल के सदस्यों ने बहलोट बायपास मार्ग स्थित बहलोट मुक्ति धाम परिसर में पीपल का पौधा रोपित किया। यह पौधा संतोष ठाकुर के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना के साथ लगाया गया। पौधे के लिए ट्री गार्ड की सहयोग राशि भारतीय रेल के कॉमर्शियल विभाग में कार्यरत अतुल ठाकुर द्वारा वहन की गई, जबकि पौधा श्रमदान दल के सदस्य नीरज साहू पुत्र नारायण साहू द्वारा उपलब्ध कराया गया। पौधे के संरक्षण की जिम्मेदारी श्रमदान दल के सदस्य नितिन अग्रवाल एवं सूर्य प्रताप सिंह राजपूत को सौंपी गई। श्रमदान दल का उद्देश्य केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि रोपे गए पौधों को सुरक्षित रखकर उन्हें वृक्ष बनने तक उनकी जिम्मेदारी निभाना भी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी सोच के साथ जन-जन विशेष पौधारोपण कार्यक्रम के तहत जन्मदिन, पुण्य स्मृति, स्वास्थ्य लाभ अथवा अन्य विशेष अवसरों को पौधारोपण से जोड़कर उन्हें प्रकृति के संरक्षण का माध्यम बनाया जा रहा है। गार्गी के जन्मदिन पर लगाया गया बादाम का पौधा जहां खुशी और शुभकामना का प्रतीक बनेगा, वहीं संतोष ठाकुर के स्वास्थ्य लाभ की कामना में लगाया गया पीपल का पौधा आस्था, संवेदना और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक बनेगा। "अवसर कोई भी हो, उसे एक पौधे के साथ जोड़िए, आपकी भावना भी जीवित रहेगी और प्रकृति भी जीवित रहेगी।

नशामुक्ति और धर्म, आध्यात्म का संदेश दे रहा हनुमान चालीसा पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



हिंदू चेतना सेवा समिति मंडल द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान एवं युवाओं को धर्म एवं आध्यात्म से जोड़ने के विशेष अभियान के तहत हनुमान चालीसा पाठ का 147वां चरण शनिवार को श्री शिव शक्ति धाम मंदिर, मुस्कान सिनेमा वाली गली में श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान हनुमान जी, भगवान शिव जी एवं माताजी की पूजन-अर्चन की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सात बार सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय वाचन किया। पाठ के बाद आरती एवं प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने समिति के कार्यों की जानकारी देते हुए युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने तथा धर्म, आध्यात्म एवं संस्कारों से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नंदकिशोर वर्मा, लखन गुर्जर, विशाल सेन, अर्णव रघुवंशी, मधुर वर्मा, नरेश रजक, हर्षित मिश्रा, सुमित मिश्रा, अनिकेत पाल, महेंद्र पाल, ऋषिकांत माथुर, ऋतिक पांचाल, धर्मेंद्र कुशवाहा, रवि रघुवंशी, पुराण सेन, राम नारायण साहू, लव गुर्जर, ऋषि कुशवाहा, महेश कुमार शर्मा, प्रमोद कुमार सेन, मनीष कुमार सेन, नरेंद्र राय, ध्रुव सेन, गया सेन, गजराज राय, सचिन दुबे, राजकुमार शर्मा सहित अनेक हिंदू वीर एवं भक्तजन उपस्थित रहे। समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार नगर के अलग-अलग मंदिरों में इस आयोजन के माध्यम से नशामुक्ति, धर्म, आध्यात्म एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश निरंतर दिया जा रहा है।

उत्साह के साथ मनाई गई राधा अष्टमी, भजनों का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शनिवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में राधा अष्टमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राजपूत वीरांगनाओं द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं ने एक-दूसरे को राधा अष्टमी पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान राधा रानी के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय हो गया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु महिलाएं स्वयं को नृत्य करने से रोक नहीं सकीं और उत्साहपूर्वक नृत्य कर भक्ति में लीन नजर आईं। इस अवसर पर समाजसेविका रंजीता सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

स्पॉन्सरशिप योजना से मिला सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर की राधा शर्मा अपने पति की मृत्यु के बाद अकेली पड़ गईं, जिससे परिवार के सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया। पति के निधन के बाद बच्चों के पालन-पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं दैनिक आवश्यकताओं की पूरी जिम्मेदारी उनके ऊपर आ गई। ऐसे कठिन समय में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परिवार की परिस्थितियों को देखते हुए बच्चों को मिशन वात्सल्य अंतर्गत स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ा गया। योजना के तहत पात्र बच्चों को 4,000 प्रतिमाह प्रति बच्चा की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। स्पॉन्सरशिप योजना से प्राप्त आर्थिक सहायता ने परिवार को कठिन परिस्थितियों से उबरने में महत्वपूर्ण सहारा दिया। इससे बच्चों की पढ़ाई निरंतर जारी रखने, शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने तथा उनके पालन-पोषण और दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में मदद मिली। राधा शर्मा ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद बच्चों की जिम्मेदारी अकेले उठाना मेरे लिए बहुत कठिन था। आर्थिक परेशानी के कारण मुझे बच्चों की पढ़ाई और भविष्य की चिंता सताती रहती थी। स्पॉनसरशिप योजना से मिली सहायता ने मुश्किल समय में हमारा सहारा बनकर बच्चों की पढ़ाई जारी रखने में मदद की। अब मुझे बच्चों के बेहतर भविष्य की उम्मीद है।

नगर और गांवों में लगी झांकियां



गंजबासौदा। समीपस्थ ग्राम स्यारी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मोनू लोधी एवं परिजनों द्वारा भगवान गणेश की झांकी लगाई गई। जिसमें प्रतिदिन भजन, कीर्तन सहित अन्य सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन संपन्न कराए जा रहे हैं। जिसमें गांव के महिला पुरूष सहित अन्य ग्रामीण आनंद ले रहे हैं।



गंजबासौदा। नगर के वार्ड क्रमांक सात में लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास पंकज तिवारी वाली गली में गणेश जी की भव्य झांकी लगाई गई है। जहां पर राधा अष्टमी के अवसर पर श्रीगणेश को छप्पन भोग लगाए गए।

शांतिनाथ जिनालय में मूल नायक भगवान शांतिनाथ की पूजन की

सत्य का आचरण करना, कपट से दूर रहना उत्तम सत्य धर्म



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

जैन धर्म के सबसे महत्वपूर्ण पर्वों में पर्यूषण पर्व का विशेष महत्व है। वैसे ही पर्यूषण पर्व में 10 दिवसीय धर्म आराधना में पांचवे दिन उत्तम सत्य धर्म का विशेष वर्णन आया है। स्थानीय श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर शांतिनगर में उत्तम सत्य धर्म की आराधना करते हुए प्रातः काल अभिषेक एवं शांतिधारा के उपरान्त मूल नायक भगवान शांतिनाथ की संगीतमय पूजन की गई। साथ ही जिनमुखोद् भव सरस्वती देवी पूजन के साथ तत्त्वार्थ सूत्र ग्रंथ का वाचन किया गया। शांति नाथ जिनालय के अध्यक्ष देवेंद्र जैन कटारे ने बताया कि प्रतिदिन आयोजित सायंकालीन संगीत मय महाआरती में श्रद्धालु जमकर नृत्य कर भक्ति का आनंद प्राप्त कर रहे हैं।

भक्ति संध्या के उपरान्त विद्वानों ने वचनिका (शास्त्र वाचन) में उत्तम सत्य धर्म का महत्व समझाया और कहा कि जो बात जैसी है, उसे वैसी ही कहना, लेकिन ऐसी सत्य बात भी न कहना जिससे किसी को दुख या नुकसान पहुंचे, इसी को उत्तम सत्य धर्म कहते हैं। जैन धर्म में पर्यूषण पर्व के दौरान मनाए जाने वाले दस धर्मों में उत्तम सत्य धर्म का विशेष महत्व है। सत्य केवल सच बोलने का नाम नहीं है, बल्कि मन, वचन और कर्म से ईमानदारी रखना भी सत्य धर्म का हिस्सा है। उत्तम सत्य धर्म का सरल अर्थ है,जो बात जैसी है, उसे वैसी ही कहना और अपने व्यवहार में छल-कपट से दूर रहना। सत्य बोलते समय इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि हमारे शब्दों से किसी को अनावश्यक दुख या नुकसान न पहुंचे। इसलिए सत्य के साथ मधुरता और विवेक का होना भी आवश्यक है। आज के समय में जीवन की भागदौड़ में कई बार व्यक्ति अपने छोटे-छोटे स्वार्थों के लिए झूठ का सहारा ले लेता है। लेकिन झूठ चाहे कितना भी छोटा क्यों न हो, वह धीरे-धीरे विश्वास को कमजोर करता है। इसके विपरीत सत्य बोलने वाले व्यक्ति के प्रति परिवार, समाज और मित्रों का विश्वास बढ़ता है। सत्य धर्म हमें सिखाता है कि हमारे विचार सच्चे हों, हमारी वाणी सच्ची हो और हमारे कार्य भी सच्चाई पर आधारित हों। केवल दूसरों से सत्य की अपेक्षा करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि हमें स्वयं भी अपने जीवन में सत्य का पालन करना चाहिए। सत्य बोलने का अर्थ यह भी नहीं है कि हम किसी को कठोर शब्दों में चोट पहुंचाएं।

जैन दर्शन में सत्य के साथ अहिंसा और संयम का भी महत्व है। इसलिए ऐसी बात बोलनी चाहिए जो सत्य होने के साथ-साथ हितकारी और मर्यादित भी हो। व्यापार में सत्यनिष्ठा हो तो ग्राहक का विश्वास बढ़ता है और समाज में सत्य का पालन हो तो आपसी संबंधों में मजबूती आती है। उत्तम सत्य धर्म हमें यह प्रेरणा देता है कि हम अपने जीवन से झूठ, छल और कपट को दूर करें तथा ईमानदारी, विश्वास और सच्चाई को अपनाएं। सत्य का मार्ग कभी-कभी कठिन जरूर लगता है, लेकिन यही मार्ग मन को शांति और जीवन को सही दिशा देता है।

बरेठ रेलवे स्टेशन पर बन रहा रैक पाइंट तय समय में नहीं हुआ तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



फाइल फोटो

रेलवे के बरेठ रैक पाइंट तय डेडलाइन पर पूरी नहीं हो पाई है। रैक पाइंट पर प्लेटफॉर्म, जल निकासी और रेलवे लाइन डालने का काम पूरा हो चुका है, लेकिन टीआरडी विभाग द्वारा ओएचई लाइन बिछाने का काम अभी जारी है। इसके अलावा एसएनटी इंजीनियरिंग और आईओडब्ल्यू विभाग से जुड़े काम भी बाकी हैं। ऐसे में रैक पाइंट शुरू होने की तारीख करीब एक महीने और आगे बढ़ने के आसार हैं। यही वजह है कि 19 सितंबर को प्रस्तावित डीसीआई निरीक्षण भी फिलहाल टाल दिया गया है। रेलवे गंजबासौदा के पुराने माल गोदाम की लोडिंग अनलोडिंग व्यवस्था को जल्द से जल्द बरेठ के नए रैक पाइंट पर शिफ्ट करना चाहता है। इसके चलते संबंधित विभागों पर काम तेजी से पूरा करने का दबाव बना हुआ है।

नए रैक पाइंट पर इन दिनों अंतिम चरण के काम चल रहे हैं। हालांकि जब तक सभी विभागों के जरूरी काम पूरे नहीं हो जाते, संयुक्त निरीक्षण के बाद अनुमति नहीं मिलती, तब तक यहां से रैक संचालन शुरू करना संभव नहीं होगा। गंजबासौदा का रेलवे माल गोदाम काफी पुराना है। इसका निर्माण स्टैंडर्ड आइल ऑफ फ्लावर मिल के बाद हुआ था। उस समय मिल से तैयार तेल, आटा, मैदा और रवा देश के अलग-अलग हिस्सों में रेलवे के जरिए भेजे जाते थे। इसके बाद 1960 के दशक में भूसा मंडी से लोडिंग शुरू हुई। धीरे-धीरे अनाज की लोडिंग बढ़ती गई। समय के साथ रेलवे की रैक बुकिंग व्यवस्था में बदलाव और सड़क परिवहन के विस्तार के कारण व्यापारिक लोडिंग में कमी आई। इसके बावजूद सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीदे गए अनाज की बड़ी मात्रा की लोडिंग और बाहर से आने वाली खाद व सीमेंट की अनलोडिंग के कारण माल गोदाम की उपयोगिता बनी हुई है। गंजबासौदा के माल गोदाम से रेलवे को वर्तमान में सालाना करीब 12 करोड़ रुपए की आय होती है। कोरोना महामारी के दौरान रैक पाइंट से रेलवे की आय करीब 45 करोड़ रुपए तक पहुंच गई थी। समर्थन मूल्य पर खरीदे गए अनाज की बड़ी मात्रा में यहां से लोडिंग होती है। वहीं खाद और सीमेंट जैसी सामग्री की अनलोडिंग भी की जाती है। गंजबासौदा रेलवे स्टेशन की स्थिति सिरोंज और लटेरी क्षेत्र के लिए भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में बरेठ में नया रैक पाइंट शुरू होने के बाद माल परिवहन की व्यवस्था में बदलाव आएगा।

नवीन रैक पाइंट बनने को लेकर स्थानीय स्टेशन प्रबंधक केएस पाल ने बताया कि बरेठ स्थित नवीन रैक पाइंट के लिए अभी निर्माण कार्य चल रहा है। इसके पूरा होने के पश्चात अधिकारियों का संयुक्त निरीक्षण होगा। रेलवे की संयुक्त जांच के बाद ही रैक पाइंट शुरू होने का अंतिम फैसला हो सकेगा।

कुशवाहा समाज के मेधावी विद्यार्थियों और समाजसेवियों का किया सम्मान

लव-कुश के आदर्शों को आत्मसात कर शिक्षा और संस्कार से समाज को दें नई दिशा : गोविंद सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



भगवान श्रीराम के पुत्र लव-कुश साहस, संस्कार, शिक्षा, स्वाभिमान, न्याय और सत्य के प्रतीक हैं। हमें उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात कर आने वाली पीढ़ी को शिक्षा, संस्कार और बेहतर भविष्य देने का संकल्प लेना चाहिए। यह बात खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा सुरखी विधायक गोविंद सिंह राजपूत ने अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा द्वारा आयोजित भगवान लव-कुश जन्मोत्सव एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही।

मंत्री ने कहा कि कुशवाहा समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है और समाज ने कृषि, शिक्षा, व्यापार, उद्यम, समाजसेवा तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। समाज की वास्तविक शक्ति युवा पीढ़ी है। बच्चों को बेहतर शिक्षा, कौशल और अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आगे बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में आधुनिक शिक्षा के लिए स्मार्ट क्लास शुरू की गई हैं तथा युवाओं के लिए खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि युवा केवल नौकरी पाने तक सीमित न रहें, बल्कि कौशल विकास, स्वरोजगार और उद्यमिता के माध्यम से रोजगार देने वाले भी बनें। बेटियों को शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलने चाहिए। शिक्षा के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना भी विकास की प्राथमिकता है।

गोविंद सिंह राजपूत ने समाजजनों से एकता, संवाद और सामाजिक समरसता बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि लव-कुश जन्मोत्सव सामाजिक भाईचारे और संस्कारों को मजबूत करने का अवसर है।

मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

कार्यक्रम में मंत्री ने कुशवाहा समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं तथा शिक्षा, चिकित्सा, विधि और समाजसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

कार्यक्रम में नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, सांसद भारत सिंह कुशवाहा सहित समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। इस दौरान शिक्षा, संस्कार, युवा शक्ति, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक एकता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया।

छत्री चौराहा पर जुटे युवा और छात्र, कार्यक्रम को लेकर दिखा उत्साह

देवपुर में कांग्रेस ने किया राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवपुर द्वारा इंदौर में आयोजित राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम का रविवार को छत्री चौराहा पर लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम को देखने और सुनने के लिए बड़ी संख्या में युवा, छात्र एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लाइव प्रसारण के दौरान युवाओं और छात्रों में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह नजर आया। छत्री चौराहा पर लगाए गए लाइव प्रसारण के माध्यम से उपस्थित लोगों ने राहुल गांधी के संबोधन को सुना। कार्यक्रम के दौरान युवाओं एवं छात्रों से जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर कही गई बातों पर कार्यकर्ताओं और उपस्थित युवाओं ने रुचि दिखाई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं और छात्रों से जुड़े मुद्दों पर संवाद का अवसर मिलता है तथा उन्हें देश के सामाजिक एवं लोकतांत्रिक विषयों से जुड़ने का मंच प्राप्त होता है। कार्यक्रम में देवपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अर्जुन राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश यादव,वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवध शर्मा, कमल सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं युवा साथी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने आपस में चर्चा करते हुए राहुल गांधी के संबोधन को सुना और युवाओं से जुड़े विषयों पर अपनी बात भी रखी। इस अवसर पर देवपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अर्जुन राजपूत ने लाइव प्रसारण कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सभी वरिष्ठ कांग्रेस साथियों, युवा साथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में युवाओं और छात्रों की सहभागिता उत्साहजनक रही। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सामूहिक रूप से कार्यक्रमों में भागीदारी करने की बात कही।

जवाहरगंज वार्ड में 22 सितंबर से नई पाइपलाइन से होगी पेयजल सप्लाई

सागर। नगर पालिक निगम सागर द्वारा जवाहरगंज वार्ड के वन वे, भीतर बाजार सहित संबंधित क्षेत्रों में पुरानी पाइपलाइन से जलप्रदाय बंद कर 22 सितंबर से टाटा प्रोजेक्ट्स द्वारा बिछाई गई नवीन पाइपलाइन से पेयजल आपूर्ति प्रारंभ की जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि जिन उपभोक्ताओं के नवीन नल कनेक्शन टाटा प्रोजेक्ट्स द्वारा नहीं किए गए हैं, वे नवीन नल कनेक्शन के लिए नगर निगम के जलप्रदाय कार्यालय में नियमानुसार आवेदन करें। जिन नागरिकों के पास पुराने नल कनेक्शन की जलकर चुकता रसीद उपलब्ध है, वे जलकर की चुकता रसीद, आधार कार्ड, संपत्ति कर की चुकता रसीद एवं मोबाइल नंबर प्रस्तुत कर नवीन नल कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं। नगर निगम ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे समय रहते आवश्यक दस्तावेज जमा कर कनेक्शन प्राप्त कर लें।

अपने लेखन से समाज का हित करने का प्रयास साहित्यकार को करना चाहिए : भावुक

सागर। मेरा साहित्यकारों से विनम्र निवेदन है कि अपनी कलम से समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ लिखें, समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार मिटाने के लिए लिखें, अन्याय, अत्याचार मिटाने के लिए कलम चलाएं। कलम में बहुत शक्ति है अपने लेखन से समाज का हित करने का पूरा-पूरा प्रयास साहित्यकार को करना चाहिए। यह बात सागर से डॉ सीताराम श्रीवास्तव 'भावुक' ने कही, वे बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की शनिवार को आयोजित साप्ताहिक 1653 वीं संगोष्ठी और ऑनलाइन 331वीं काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। रायसेन से चित्रा चतुर्वेदी ने संगोष्ठी का संचालन किया। नागपुर महाराष्ट्र से मंजूषा किंजवाडकर ने भक्ति-भाव से माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। इसके पूर्व अपने स्वागत भाषण में सागर से डॉ नलिन निर्मल जैन ने स्वागत की परंपरा का निर्वाह करते हुएँ स्वर्गीय मणिकांत चौबे का स्मरण करते हुए आप सभी का बहुत-बहुत स्वागत करता हूं। पर्यूषण पर्व चल रहे हैं और भगवान श्री गणेश की स्थापना भी चल रही है यह गणेशोत्सव सभी जगह चल रहा है बहुत जोरों शोरों से मंदिरों में और पंडालों में भगवान की भक्ति के गान हो रहे हैं तो कुछ पंक्तियों के साथ मैं अपनी बात रखता हूं, जीवन के इस अनुपम क्रम में क्षमा धर्म का दिन आया, प्रभु गणेश की कृपा हुई है।

नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार विकासखंड शाहगढ़ की ग्राम पंचायत पालकटोर में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आजीविका मिशन के ब्लॉक समन्वयक, स्वास्थ्य विभाग की सीएचओ एवं एएनएम, पंचायत के पदाधिकारी सहित पदाधिकारी सदस्य शामिल हुए।

विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस का समापन कार्यक्रम संस्कार गार्डन में संपन्न



सिरोंज। विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन कार्यक्रम में रविवार को संस्कार गार्डन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना, उसके उद्देश्य तथा हिंदू समाज को संगठित करने के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने समाज में एकता, संस्कार और धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। समापन अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने तथा समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के कार्यकर्ता एवं समाजजन मौजूद रहें। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता, प्रांत गौरक्षा प्रमुख, नीलेश अग्रवाल विभाग सह मंत्री चन्द्रभान सिंह बघेल, संयोजक जिला अध्यक्ष मुकेश सेन जिला उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिला मंत्री रविंद्र ठाकुर जगदीश शाक्य, तुलसी नारायण, अनिल, प्रदीप राठौर, बसंती लाल कुशवाह, अविनाश अग्रवाल, ज्ञान सिंह, अशोक, रोहित यादव सहित बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता मातृशक्ति दुर्गा बहानी की बहनें उपस्थिति रहीं।

खंजरी की थाप पर गूंजे भक्ति के सुर, पुरातन संस्कृति को सहेजने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



जब खंजरी की थाप पर सुमधुर भजनों के सुर गूंजे तो गणेश अथाई का वातावरण भक्ति और लोक संस्कृति से सराबोर हो उठा। शनिवार की रात्रि गणेश उत्सव के अवसर पर गणेश अथाई परिसर में खंजरी गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक एवं विधायक उमाकांत शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक उमाकांत शर्मा स्वयं कलाकारों के बीच मौजूद रहे और सुमधुर भजनों का आनंद लेते हुए कलाकारों का उत्साहवर्धन करते नजर आए। खंजरी की मधुर थाप और भक्ति गीतों पर श्रद्धालु भी भाव-विभोर दिखाई दिए।

विधायक ने कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि हमारी पुरातन संस्कृति और परंपराएं हमारी पहचान हैं, इन्हें सहेजना और अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे पारंपरिक आयोजनों में युवाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिए, ताकि नई पीढ़ी अपनी संस्कृति और लोक परंपराओं से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि लोक परंपराएं केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत हैं। इन्हें जीवंत बनाए रखने के लिए ऐसे आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित करना जरूरी है, जिससे हमारी संस्कृति की यह विरासत आने वाली पीढ़ियों तक उसी उत्साह के साथ पहुंचती रहे। गौरतलब है कि गणेश उत्सव के अवसर पर गणेश अथाई में प्रतिदिन धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु उत्साहपूर्वक शामिल हो रहे हैं। खंजरी गायन कार्यक्रम में गणेश उत्सव समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे।

'एक साल होने को आया, अब तक प्रदेश सरकार की घोषणा नहीं हो पाई पूरी'

सीएम ने की थी ग्यारसपुर को नगर पंचायत बनाने की घोषणा, नगरवासी बोले: अब घोषणा नहीं, आदेश चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

मुख्यमंत्री ने 23 नवंबर 2025 को गंजबासौदा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्यारसपुर को नगर पंचायत बनाए जाने की घोषणा की थी।

लोगों का कहना है अब लगभग एक वर्ष होने को है, लेकिन नगर पंचायत गठन की प्रक्रिया धरातल पर नहीं आई। ग्यारसपुर 71 ग्राम पंचायतों का मुख्यालय है। यहां एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, जनपद सहित विभिन्न शासकीय विभागों के प्रमुख कार्यालय संचालित हैं। वहीं ग्यारसपुर ग्राम पंचायत की आबादी भी लगभग 12 से 13 हजार के आसपास बताई जाती है। ग्राम पंचायत के सामने सीमित बजट और कर्मचारियों की कमी के कारण नगर के प्रत्येक वार्ड में नियमित साफ-सफाई, नाली निर्माण एवं सफाई, सीसी सड़क, स्ट्रीट लाइट, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना चुनौती बना हुआ है। कई मोहल्लों में आज भी पक्की सड़क नहीं पहुंच सकी है। मुख्य चौक-चौराहों और बस स्टैंड क्षेत्र में भी नियमित साफ-सफाई को लेकर नागरिक सवाल उठाते रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्यारसपुर की जरूरत अब केवल एक बड़ी ग्राम पंचायत के रूप में नहीं, बल्कि व्यवस्थित नगरीय क्षेत्र के रूप में विकास की है। ग्यारसपुर के नागरिकों का कहना है कि मुख्यमंत्री की घोषणा से लोगों में विकास की उम्मीद जगी थी, लेकिन लगभग एक वर्ष बीतने के बावजूद प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ने से सवाल खड़े हो रहे हैं। नगरवासियों की मांग है कि शासन ग्यारसपुर को नगर पंचायत बनाने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करे, ताकि क्षेत्र को बेहतर सड़क, नाली, सफाई, स्ट्रीट लाइट, पेयजल, अग्निशमन, पर्यटन और रोजगार जैसी सुविधाओं का लाभ मिल सके।

युवाओं को रोजगार और व्यापार को मिलेगी गति

युवा रोहित चौरसिया का कहना है कि ग्यारसपुर को नगर पंचायत का दर्जा मिलने से विकास के नए रास्ते खुल सकते हैं। नगरीय निकाय के माध्यम से सफाई, निर्माण और अन्य व्यवस्थाओं में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। स्थानीय नागरिक अजब सिंह राजपूत ने कहा कि नगर पंचायत बनने के बाद प्रत्येक वार्ड में सीसी सड़क, नाली निर्माण और साफ-सफाई जैसे कार्यों को बेहतर तरीके से कराया जा सकेगा। इससे नगर की स्वच्छता व्यवस्था भी मजबूत होगी। किसान अवध बिहारी कुशवाह ने कहा कि नगर पंचायत बनने से फायर ब्रिगेड जैसी आवश्यक सुविधा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। गर्मी के मौसम में खेतों में खड़ी गेहूं सहित अन्य फसलों में आग लगने की घटनाएं सामने आती हैं। विदिशा या बासौदा से दमकल पहुंचने में समय लगने के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। पर्यटन प्रेमी एवं पूर्व सरपंच लीलाधर कुशवाह ने कहा कि ग्यारसपुर में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। नगर पंचायत बनने के बाद सड़क, सफाई, प्रकाश, पेयजल और अन्य सुविधाएं विकसित होंगी तो पर्यटकों की संख्या बढ़ सकती है। इससे स्थानीय व्यापार और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

सरपंच बोले घोषणा के बाद नहीं मिला कोई पत्र

ग्यारसपुर सरपंच राजू कुशवाहा ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा लगभग एक वर्ष पूर्व ग्यारसपुर को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की गई थी, लेकिन अभी तक नगरीय निकाय विभाग अथवा जिला स्तर से नगर पंचायत गठन को लेकर ग्राम पंचायत को किसी प्रकार का पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जैसे ही जानकारी मांगी जाएगी, पंचायत की ओर से आवश्यक जानकारी उपलब्ध करा दी जाएगी। सरपंच ने यह भी कहा कि ग्यारसपुर बहुत बड़ी ग्राम पंचायत है और सीमित बजट में प्रत्येक वार्ड का अपेक्षित विकास कर पाना मुश्किल है। उनका कहना है कि ग्यारसपुर क्षेत्र में लगभग पांच पंचायतें बनाए जाने की आवश्यकता भी महसूस होती है।

भेद-विज्ञान का अभ्यास ही आत्मानुभूति का मार्ग

विदिशा। किले अंदर स्थित शीतलनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में दसलक्षण धर्म के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म मनाया गया। मुंबई से आए पं. संयम शास्त्री ने समयसार ग्रंथ के स्वाध्याय में कहा कि धर्म केवल पूजा, व्रत और उपवास की क्रिया में नहीं, बल्कि आत्मा और शरीर के भेद को समझने में है। साधक को हर समय यह भाव रखना चाहिए कि मैं आत्मा हूं, शरीर, कर्म, धन और परिवार मुझसे भिन्न हैं।

एफएलएन प्रशिक्षण में बच्चों की बुनियादी दक्षताओं पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी



विकासखंड स्तर पर एफएलएन कार्यक्रम के तहत कक्षा 1 एवं 2 पढ़ाने वाले शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में बच्चों की बुनियादी भाषा एवं गणितीय दक्षताओं के विकास, गतिविधि आधारित शिक्षण और प्रभावी शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया पर चर्चा की गई। अंतिम दिन बीआरसी प्रमोद विश्वकर्मा ने कहा कि बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान की मजबूत नींव तैयार करना प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। प्रशिक्षण प्रभारी ऋषि द्विवेदी ने कहा कि लक्ष्य केवल पाठ पूरा करना नहीं, बल्कि बच्चों को समझ के साथ सीखने में सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण में करीब 120 शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षकों के कार्य की सराहना की गई।

चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता हुई



कुरवाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76 में जन्म दिवस के उपलक्ष में नवापुर ज्ञानपीठ हाई स्कूल में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि के रूप में एल्डरमैन जगदीश साहू उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य आदित्य कुमार बाजपेई एवं अन्य शिक्षक शिक्षकों द्वारा जगदीश साहू ने छात्र-छात्राओं को पुराने भारत की कल्पना ग्रामीण क्षेत्र के विकास अधो संरचना आर्थिक विकास आदि विषय पर प्रेरक उद्बोधन दिया। चित्रकला प्रतियोगिता में 15 छात्र-छात्राओं ने सुंदर चित्र के माध्यम से अपनी कल्पना को दर्शाया। भाषण प्रतियोगिता में 10 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । चित्रकला में प्रथम स्थान साजिया खान द्वितीय खुशबू दांगी तृतीय वंशिका पाल रही। भाषण प्रतियोगिता में पूजा दांगी प्रथम मनतशा खान द्वितीय सोफिया खान तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय प्राचार्य आदित्य बाजपेई ने आभार व्यक्त किया शिक्षक रोहित शर्मा नैंसी करण अनुष्का जाट पूनमलोधी लक्ष्मी रैकवार सलोनी लोधी ने सक्रिय रहकर कार्यक्रम संपन्न करने में सहयोग प्रदान किया ।

असहाय व्यक्ति को अपना घर आश्रम पहुंचाया



नटेरन। नटेरन के पास बीमार और असहाय हालत में मिले व्यक्ति को अपना घर आश्रम विदिशा की रेस्क्यू टीम ने आश्रम पहुंचाया। ग्राम पमारिया निवासी बालकृष्ण विश्वकर्मा को व्यक्ति के असहाय स्थिति में होने की जानकारी मिली थी। उन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति की पुष्टि की और आश्रम को सूचना दी। इसके बाद एंबुलेंस और रेस्क्यू टीम ने आवश्यक कार्रवाई के बाद व्यक्ति को अपना घर आश्रम विट्ठल नगर विदिशा पहुंचाया। व्यक्ति ने अपना नाम रबि बताया है। फिलहाल आश्रम में उसका उपचार किया जा रहा है। आश्रम प्रबंधन ने आमजन से अपील की है कि कोई असहाय व्यक्ति मिले तो तत्काल आश्रम को सूचना दें।

दिग्विजय सिंह की पदयात्रा गैर राजनीतिक: तिवारी

कुरवाई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा आगामी 20 अक्टूबर विजयादशमी दशहरा से शिवधाम उज्जैन से रामधाम अयोध्या तक पैदल धार्मिक यात्रा का शुभारंभ किया जा रहा है। इस यात्रा का नाम सनातन स्वाभिमान यात्रा है। यह यात्रा गैर राजनीतिक है इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य धर्म के माध्यम से सत्य पारिदर्शिता और सामाजिक सदभाव की रक्षा करना है। यह विचार यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेता कोऑपरेटिव बैंक विदिशा के पूर्व चेयरमैन पंडित घनश्याम तिवारी द्वारा व्यक्त किए गए। उन्होंने यात्रा में सम्मिलित होकर समाज हित में यात्रा के मुख्य उद्देश्य को सफल बनाने की अपील की है।

सरपंच पूजा घावरी के सहयोग से विभिन्न झांकियों में पहुंची टीम

गणपति झांकी समितियों को शील्ड देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुलाबगंज



गणपति महोत्सव के तहत नगर में स्थापित विभिन्न गणपति झांकियों में पहुंचकर सरपंच पूजा घावरी के सहयोग से सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी एवं उनकी टीम ने झांकी समितियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर विभिन्न समितियों को शील्ड एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। गणपति महोत्सव को लेकर नगर में श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। विभिन्न समितियों द्वारा आकर्षक झांकियां सजाने के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। झांकी स्थलों पर पहुंचे ओमप्रकाश घावरी ने समिति सदस्यों एवं श्रद्धालुओं से मुलाकात की और आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सद्भाव मजबूत होता है। झांकी समितियों एवं आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले युवाओं का सम्मान उनके उत्साह को बढ़ाने का प्रयास है। इस दौरान विभिन्न गणपति झांकी समितियों के पदाधिकारी आनंदी लोधी,आशीष गुप्ता, राहुल सोनी,पवन उपाध्याय, विपुल बड़ोदिया, सुनील चिडार, सुधीर अहिरवार, अभिषेक अहिरवार, रुपेश रैकवार, गोलू अहिरवार, अनिकेत अहिरवार, दीपक राजपूत, छोटू कुशवाह, सुनीत पाल, भूरा दांगी, सौरभ दांगी कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

■ धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा कायम होता है।

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित (बी-पैक्स), जैतपुरा शाखा-ठर्र जिला-विदिशा (म.प्र.)

पंजीयन क्रमांक 455 दिनाक 10.12.1992
क्रमांक / आमसभा / क्यू / 2026-27 दिनाकं 14/09/2026

:: वार्षिक आमसभा सूचना ::

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, बी-पैक्स जैतपुरा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि 34वी साधारण सभा दिन शनिवार दिनाकं 26.09.2026 को दोपहर 01:00 बजे स्थान समिति मुख्यालय जैतपुरा में आयोजित की जायेगी। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में, स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घंटे पश्चात् होगी जिसमे गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

चन्द्रेश त्रिपाठी, प्रबंधक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, (बी-पैक्स) जैतपुरा
श्रीमती रंजना तिवारी, प्रशासक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, (बी-पैक्स) जैतपुरा

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सौंथर जिला - विदिशा (म.प्र.)

पंजीयन क्रमांकः 456 दिनांक 10.12.92 दिनांक 10/09/2026

:: वार्षिक आमसभा सूचना ::

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सौंथर के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि समिति की वार्षिक आमसमा दिन सोमवार दिनांक 28 सितम्बर 2026 को समय दोपहर 1:00 बजे स्थान समिति कार्यालय सौंथर पर आयोजित की जाएगी। बैठक में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है। गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी, गणपूर्ति (कोरम) आवश्यक नहीं होगा।

मदन सिंह ठाकुर, प्रबंधक, बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सौंथर
श्रीमती रंजना तिवारी, प्रशासक, बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सौंथर

पार्किंग की जगह नहीं, सड़कों पर वाहन, हर चौक पर जाम से जूझ रहा रायसेन शहर

शहर में पर्याप्त पार्किंग स्थल नहीं होने से सड़क किनारे खड़े कर दिए जाते दो पहिया-चार पहिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

ऑटो और मालवाहक वाहन, बड़े शोरूमों के सामने भी पार्किंग इंतजाम नहीं



शहर की बढ़ती आबादी और तेजी से हो रहे व्यावसायिक विस्तार के बीच पार्किंग की समस्या अब यातायात व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। 18 वार्डों वाले रायसेन शहर की आबादी 70 हजार से अधिक पहुंच चुकी है, लेकिन वाहनों की बढ़ती संख्या के अनुपात में पार्किंग स्थलों का विस्तार नहीं हुआ। नतीजा यह है कि मुख्य चौराहों, बाजारों और व्यस्त सड़कों के किनारे दोपहिया-चारपहिया वाहनों के साथ ऑटो, टैक्सी और मालवाहक वाहन खड़े हो रहे हैं। इससे सड़कें संकरी हो जाती हैं और कई जगह दिन में कई बार जाम जैसे हालात बनते हैं। शहर में महामाया चौक के पास ही प्रमुख पार्किंग स्थल है। इसके अलावा व्यावसायिक क्षेत्रों में व्यवस्थित पार्किंग की सुविधा नहीं होने से वाहन चालक सड़क किनारे वाहन खड़े करने को मजबूर हैं। बस स्टैंड, सागर-भोपाल तिराहा और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में ऑटो-टैक्सी के लिए भी कोई मुकम्मल स्टैंड नहीं है। मालवाहक वाहन जियो पॉइंट मॉल सहित अन्य स्थानों के आसपास सड़क किनारे खड़े होकर काम चला रहे हैं।

बैंक और कार्यालयों के सामने आधी सड़क घिर रही

सिटी ट्रैफिक प्रभारी लता मालवीय के अनुसार भारतीय जीवन बीमा निगम और सागर रोड स्थित एसबीआई व केनरा बैंक अन्य बैंकों प्रायवेट बैंकों के जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार नोटिस देकर पार्किंग की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। इसके बावजूद ठोस इंतजाम नहीं किए गए। बैंक और बीमा कार्यालयों के सामने बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन सड़क का हिस्सा घेर लेते हैं। इससे वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी होती है और यातायात का दबाव बढ़ जाता है।

कार्रवाई भी कभी-कभार, समस्या जस की तस

शहर में नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर चालानी कार्रवाई, टोइंग या क्रेन से वाहन हटाने की कार्रवाई कभी-कभार ही दिखाई देती है। नियमित और प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से सड़क किनारे पार्किंग की समस्या बनी हुई है। नागरिकों का कहना है कि केवल कार्रवाई करने के बजाय पहले व्यवस्थित पार्किंग स्थल विकसित करना जरूरी है।

जगह की कमी बनी सबसे बड़ी अड़चन

नगर पालिका से जुड़े अधिकारियों के अनुसार शहर में राजस्व भूमि की कमी के कारण नए पार्किंग और ऑटो-टैक्सी स्टैंड विकसित करना चुनौती है। फिलहाल अस्थायी तौर पर बस स्टैंड के शेष हिस्से में ऑटो खड़े करवाए जा रहे हैं। मालवाहक पिकअप वाहनों को पेट्रोल पंप और मॉल के आसपास निर्धारित स्थानों पर खड़ा करने के लिए कहा गया है। पूर्व में नगर पालिका की ओर से राजस्व विभाग से जमीन उपलब्ध कराने के लिए पत्राचार भी किया गया था, लेकिन अभी तक स्थायी समाधान नहीं हो सका।

इनका कहना है...

शहर में वाहन पार्किंग के लिए फिलहाल महामाया चौक पर पार्किंग विकसित है। ऑटो और टैक्सी स्टैंड के लिए जगह की कमी समस्या है। जमीन उपलब्ध कराने को लेकर कलेक्टर के मार्गदर्शन में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सुश्री सुरेखा जाटव, सीएमओ, नगर पालिका रायसेन

अभियान की शुरुआत की गई

नशे के खिलाफ बनाई मानव श्रृंखला लिया नशामुक्त समाज का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

नशे के बढ़ते खतरे के बीच युवाओं ने रविवार को नशे के खिलाफ आवाज बुलंद की। मेरा युवा भारत रायसेन, युवा कार्यक्रम के तत्वावधान में नर्सिंग कॉलेज रायसेन में नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में करीब 200 युवाओं ने सहभागिता कर नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सबसे प्रमुख आकर्षण मानव श्रृंखला रही। युवाओं ने एकजुट होकर नशे के खिलाफ संदेश दिया और नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ ली। कार्यक्रम में डॉ. यशपाल सिंह बाल्यान, नशा मुक्ति केंद्र के संचालक वेद प्रकाश शर्मा, नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य आशालता श्रीधरन और सिस्टर ट्यूटर अजिता रानी सहित विद्यार्थी एवं युवा मौजूद रहे।

कार्यक्रम में 200 युवाओं ने सहभागिता कर नशे से दूर रहने का संकल्प लिया

नुक्कड़ नाटक से दिखाए नशे के दुष्परिणाम

जागरूकता कार्यक्रम में युवाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे की गिरफ्त में आने के बाद व्यक्ति और परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को सामने रखा। पोस्टर मेकिंग, संवाद और जागरूकता चर्चा के जरिए युवाओं को मादक पदार्थों से होने वाले सामाजिक, शारीरिक और मानसिक नुकसान की जानकारी दी गई।

बाजार बंद आंदोलन की तैयारी

बस स्टैंड पर नहीं फोरलेन पर 1 किलोमीटर दूर रुकती यात्री बसें



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

तहसील के सबसे बड़े ग्राम और व्यापारिक केंद्र कस्बा खरगोन में निर्धारित बस स्टैंड पर यात्री बसें न रुकने से ग्रामीण व्यापारी छात्राएं भारी परेशान बने हुए हैं। यात्री बसें फोर लाइन 45 पर 1 किलोमीटर दूर निर्जन सुनसान स्थान पर रूकती है जिससे बस्ती के भीतर और दुकानों स्कूलों बैंकों तक आना जाना जोखिम भरा बना रहता है।

यात्री बसें निर्धारित बस स्टैंड पर ही रुकती थी पूर्व में यात्री वैसे आना बंद हुई तो आंदोलन हुआ और प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप से यात्री बसें पूर्व निर्धारित बस स्टैंड पर आने लगी। यात्री बसों के चालकों पर परिचालकों की मनमानी और मवेशियों का बहाना बनाकर यात्री वसो को फोरलेन पर रोक जाने से ग्रामीण व्यापारी छात्रों में असंतोष आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नहीं यात्रियो को सुविधा-ग्रामीणों का कहना है कि जहां फोरलाइन पर यात्री बसें रोकी जा रही है वहां यात्रियों के लिए छाया, बैठने की सुविधा, पानी की व्यवस्था और जन सुविधाओं की कोई व्यवस्था नहीं है। व्यापारियों ग्रामीणों द्वारा अन्यथा की स्थिति में खरगोन का बाजार बंद आंदोलन चक्का जाम इत्यादि करने की योजना बनाई जा रही है।

ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बिरौली की बैठक में पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण पर की चर्चा

सेवा संकल्प अभियान में पौधरोपण, नशामुक्ति की दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत शनिवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था राधा कृष्ण जन कल्याण समिति बरूखार द्वारा सांची विकासखंड के ग्राम बिरौली में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्यों के साथ नवांकुर सखियों ने भी सहभागिता की।

बैठक के दौरान ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लगाए गए पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी लेने का संकल्प भी लिया। इसके बाद उपस्थित सदस्यों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। युवाओं और समाज को नशे से दूर रखने की जरूरत बताते हुए सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। सदस्यों ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरुक करने का संकल्प लिया। बैठक में ग्राम विकास से जुड़ी आगामी गतिविधियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। समिति ने पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति और जनकल्याण से जुड़े कार्यों को गांव में प्रभावी तरीके से संचालित करने पर सहमति जताई। सदस्यों ने कहा कि सामाजिक सहभागिता के माध्यम से गांव में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान समिति के सदस्यों एवं नवांकुर सखियों ने सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने और ग्राम विकास की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

बेगमगंज सेंट थॉमस स्कूल में सेवा संकल्प अभियान में हुए विभिन्न कार्यक्रम

बेगमगंज। नगर के सेंट थॉमस हॉयर सेकंडरी स्कूल में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में स्टूडेंट्स के भाषण एवं चित्रकला का आयोजन किया गया। प्राचार्य सिस्टर मरीना, उप-प्राचार्य सिस्टर रेगी एवं मैनेजर सिस्टर ट्रेसा , पालक-शिक्षक संघ अध्यक्षडॉ. जितेंद्र सिंह तोमर की विशेष मौजूदगी में संपन्न हुए कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए जनहित एवं विकास कार्यों को रचनात्मक तरीके से अपने -अपने भाषण में प्रस्तुत किया। वहीं चित्रकला के माध्यम से स्वच्छता, शिक्षा, महिला सशक्तीकरण, विकास एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों को भी प्रदर्शित किया। विभिन्न उपलब्धियों पर तैयार की गई आकर्षक चित्रकला ने विश्व पटल पर विकसित होते महान भारत को अपनी रंगीन कल्पनाओं से साकार किया। चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में उत्साहित स्टूडेंट्स ने भाग लेते हुए सेवा, जनकल्याण, राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अतिथियों ने स्टूडेंट्स के द्वारा प्रशंसनीय चित्रकला का अवलोकन के साथ विभिन्न विषय पर हुए भाषण प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स के द्वारा प्रस्तुत विचारों को भी सुना। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को अतिथियों द्वारा प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया गया।



छात्रों की गूंज का लाइव प्रसारण किया



बेगमगंज। इंदौर में हुए राहुल गांधी के छात्रों के गूंज कार्यक्रम का लाइव प्रसारण नगर बेगमगंज के गुप्ता मैरिज गार्डन में शाम 5 बजे आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए जिन्होंने लाइव प्रसारण को देखा और राहुल गांधी को सुना। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में शनिवार शाम 5 बजे से नगर के गुप्ता गार्डन के सभागार में छात्रों की गूंज कार्यक्रम का लाइव वीडियो प्रसारण कार्यक्रम आयोजित हुआ।जिसमें 500 से अधिक छात्र छात्राएं उपस्थित हुए। नगर के शासकीय महाविद्यालय, कोचिंग संस्थान, फिजिकल अकैडमी, स्पोर्ट क्लब सहित अन्य निजी शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को पूरा सुना और देखा। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष सोमिल यादव शिव सेन, आशु पटेल, आयुष्मान पाठ्य, जय करण पटेल शिवांश श्रीवास्तव, भूमि विश्वकर्मा, दीप ठाकुर देवांश साहू, सिंटू शर्मा राघव पटेल सहित करीब 500 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

बारना नदी की बदहाली पर प्रशासनिक अनदेखी से अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा

मुरुम-बजरी व रेत के अवैध उत्खनन के साथ लाखों ईंटों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

बारना नदी में लगातार बढ़ते प्रदूषण और नदी क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन को लेकर स्थानीय प्रशासन और ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि नदी की यह स्थिति अचानक नहीं बनी, बल्कि लंबे समय से चली आ रही अनदेखी का परिणाम है। नदी किनारे खुले तौर पर कचरा डंप किए जाने के साथ ही ढाबों एवं मैरिज गार्डनों से निकलने वाले कचरे और गंदगी की समस्या भी नदी के लिए गंभीर



खतरा बनती जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार धनाश्री गांव के नदी क्षेत्र में कचरा प्रबंधन की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं होने के कारण नदी किनारे गंदगी लगातार बढ़ रही है। नदी किनारे कचरा डंप किए जाने के बावजूद संबंधित ढाबा एवं मैरिज गार्डन संचालकों के खिलाफ पंचायत स्तर से प्रभावी कार्यवाई न होने से ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है।

अवैध उत्खनन से नदी की संरचना को खतरा

बारना नदी मे प्रदूषण के साथ-साथ नदी क्षेत्र में मुरुम, बजरी और रेत के अवैध उत्खनन और लाखों ईंटों का निर्माण गंभीर समस्या बनती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा नदी से अवैध रूप से खनिज निकालकर आर्थिक लाभ कमाया जा रहा है। लगातार उत्खनन होने से नदी की प्राकृतिक संरचना प्रभावित होने के साथ उसके अस्तित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का सवाल है कि यदि नदी क्षेत्र में अवैध उत्खनन हो रहा है तो संबंधित विभागों द्वारा इसकी जांच कर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। नदी के संरक्षण के लिए केवल कागजी कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि मौके पर निगरानी और प्रभावी कार्रवाई जरूरी है। लोगों ने प्रशासन और ग्राम पंचायत से नदी क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण कराकर कचरा डंपिंग और कथित अवैध उत्खनन की जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

फ्लैग मार्च से संदेश, शांति बिगाड़ी तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



नवागत एसडीओपी आशुतोष त्यागी ने कार्यभार संभालते ही पुलिसिंग का रुख स्पष्ट कर दिया है। शनिवार रात एसडीओपी त्यागी और थाना प्रभारी संजीत परते के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने नगर में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। वहीं असामाजिक तत्वों और अपराधियों को साफ संदेश दिया कि नगर की शांत फिजा बिगाड़ने की कोशिश की तो पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू हुआ और नगर की विभिन्न प्रमुख सड़कों से होकर गुजरा। पुलिस जवानों ने पैदल मार्च करते हुए कानून-व्यवस्था को लेकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करना और असामाजिक तत्वों में कानून का भय पैदा करना है।

अभाविप बाड़ी नगर कार्यकारिणी की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की बाड़ी नगर इकाई का कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर शनिवार को आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में रायसेन संगठन मंत्री अंकित दामले उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका एवं विद्यार्थी परिषद की विचारधारा के संबंध में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। शिविर के दौरान बाड़ी नगर इकाई की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें सानिध्य ठाकुर (शिवा) को नगर मंत्री, अनमोल बैरागी को नगर अध्यक्ष, मोक्ष शर्मा को नगर सह मंत्री, आयुष साहू को नगर कोषाध्यक्ष, रिमझिम सराठे को नगर सह मंत्री एवं हर्ष परिहार को कार्यालय मंत्री का दायित्व सौंपा गया।

इस अवसर पर नवीन कार्यकर्ताओं की भी नियुक्ति की गई। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए छात्र हितों के लिए सक्रियता से कार्य करने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।


जिले की ऐतिहासिक विश्व धरोहरों को जोड़ने फोरलेन सड़कों का बनेगा सर्किट

देश विदेश के पर्यटकों के घूमने आने से बढ़ेगी आमदनी, वाइट टॉपिंग भी कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले की विश्व धरोहर बौद्ध स्तूप सांची, उदयगिरी और भोपाल से औद्योगिक नगरी मंडीदीप व्हाया वर्ल्ड हैरिटेज भीम बैठका, आशापुरी, भोजपुर और भोपाल, सूखी सेवनियां बेरखेड़ी चौराहा सलामतपुर सांची शामिल हैं। इसके अलावा बरेली से पिपरिया लगभग 40 किमी फोर लेन सड़क का निर्माण होगा। इन फोरलेन सड़कों का चौड़ीकरण और निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग रायसेन द्वारा कराया जाएगा। इन फोरलेन सड़कों का सर्किट बन जाने से देश विदेश के पर्यटकों की संख्या जहां डॉलर बरसेंगे। वहीं स्थानीय युवकों को रोजगार के साधन भी उपलब्ध होंगे। मालूम हो कि इस टूरिज्म सड़कों के सर्किट की सालों से कमी महसूस की जा रही थी। तत्कालीन संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा पर्यटन महत्व के ऐतिहासिक स्थलों को आपस में जोड़ने का प्रस्ताव केंद्र सरकार और केंद्रीय पुरातत्व विभाग दिल्ली भेजा था। ऐसा लगता है आज वह सपना साकार होने जा रहा है। इनमें टू लेन फोर लेन सड़कें





भी शामिल है। इन सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव रोज 10 हजार पीसीयू (पैसेंजर कार यूनिट) से ज्यादा हो गया है। यानी वाहनों के मुकाबले ये सड़कें छोटी पड़ने लगी हैं। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की रिपोर्ट में यह स्थिति सामने आने के बाद सरकार ने इन्हें फोरलेन करने की तैयारी की है। साथ ही वाइट टॉपिंग तकनीक से इन पर कंक्रीट की परत चढ़ाकर मजबूती बढ़ाई जाएगी। इंडियन रोड कांग्रेस (आईआरसी) के मानक के मुताबिक, 10 हजार पीसीयू से ज्यादा ट्रैफिक होने पर सड़क को फोरलेन करने की जरूरत होती है। पीसीयू से अलग-अलग वाहनों का सड़क पर पड़ने वाला कुल दबाव मापा जाता है।

ये प्रमुख रास्ते चौड़े होंगे

- भोपाल-सांची-विदिशा (सूखी सेवनियां, दीवानगंज और सलामतपुर वाला हिस्सा)
- भोपाल-रायसेन-मंडीदीप कनेक्टिविटी बढ़ेगी।
- मंडीदीप रायसेन से भोपाल होने की वजह से भारी ट्रकों की आवाजाही ज्यादा है, जिससे चौड़ीकरण प्रस्तावित है।
- बरेली रायसेन-पिपरिया से पचमढ़ी शामिल हैं।

इनका कहना है...

जिन सड़कों पर पीसीयू ज्यादा है, उन्हें टू लेन से फोर लेन किया जा रहा है। इससे शहरों में प्रवेश करते समय लगने वाले लंबे ट्रैफिक जाम खत्म होंगे। वाइट टॉपिंग से गाड़ियां तेज और बिना रुके चल सकेंगी, जिससे ईंधन और समय दोनों की बचत होगी।

वीके सूत्रकार, ईई, लोक निर्माण विभाग रायसेन